# झारखण्ड लोक सेवा आयोग,
# सर्कुलर रोड, राँची

## प्रेस विज्ञप्ति

**षष्ठम् सीमित प्रतियोगिता परीक्षा (विज्ञापन संख्या–11/2018) के माध्यम से झारखण्ड प्रशासनिक सेवा के मूल कोटि के ''उप समाहर्ता'' (Deputy Collector) पद पर नियुक्ति के संबंध में आवश्यक सूचना।**

(झारखण्ड सरकार के अन्तर्गत अनुकंपा में कार्यरत कर्मचारियों के लिए)

पूर्व में दिनांक–25.09.2018 को प्रकाशित विज्ञापन संख्या–11/2018 के क्रम में कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड राँची के पत्रांक–5351 दिनांक–22.09.2023, पत्रांक–2389 दिनांक–28.03.2024, पत्रांक–4693 दिनांक–18.07.2024 एवं माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय में W.P.(S). No.-790/2019 चंदन कुमार बनाम झारखण्ड राज्य एवं अन्य तथा सदृश 8 अन्य वादों में दिनांक–16.12.2022 को पारित न्यायादेश एवं पूर्व में प्राप्त कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड राँची के पत्रांक–10248 (अनु0) दिनांक–05.12.2016 द्वारा अधियाचित एवं संसूचित रिक्तियों तथा कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के अधिसूचना संख्या–5159, दिनांक–12.09.2023 में निहित प्रावधान के अनुरूप झारखण्ड प्रशासनिक सेवा के **''उप समाहर्त्ता'' (Deputy Collector)** के **कुल 28 पदों** पर सीमित प्रतियोगिता परीक्षा से नियुक्ति हेतु विहित शर्तों एवं निर्देशों के अनुरूप झारखण्ड सरकार के अन्तर्गत 'अनुकंपा' में कार्यरत अर्हताधारियों से विहित प्रपत्र (आयोग के वेबसाईट www.jpsc.gov.in पर उपलब्ध) में **ऑफलाईन** आवेदन **दिनांक–20.05.2025 से दिनांक–19.06.2025 अपराह्न 05:00 बजे तक निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा या हाथों–हाथ (कार्य अवधि में)** आमंत्रित किये जाते हैं।

2. दिनांक–02.05.2025 को निर्गत प्रेस विज्ञप्ति में अभ्यर्थियों से OTR (One Time Registration) के माध्यम से आवेदन करने का निदेश दिया गया था जिसे विलोपित समझा जाय एवं विज्ञापन में दिये गये शर्त्त एवं निदेश के आलोक में ऑफलाईन आवेदन विहित प्रपत्र में आयोग को उपलब्ध कराया जाय।

3. आयोग द्वारा पूर्व में दिनांक–25.09.2018 को निर्गत प्रकाशित विज्ञापन संख्या–11/2018 के आधार पर दिनांक–10.10.2020 एवं दिनांक–11.10.2020 को आयोजित परीक्षा के वैसे अभ्यर्थी जो लिखित परीक्षा में शामिल हो चुके है उन्हें पुनः आवेदन एवं परीक्षा में सम्मिलित होने की आवश्यकता नहीं है। झारखण्ड सरकार में अनुकम्पा के आधार पर कार्यरत इच्छुक एवं अर्हताधारी अभ्यर्थियों के लिए ही यह परीक्षा आयोजित की जायेगी। तदुपरान्त दिनांक–10.10.2020 एवं 11.10.2020 को आयोजित परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों एवं पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन संख्या–11/2018 के क्रम में आयोजित होने वाले परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों (अनुकम्पा के आधार पर नियुक्त) के उत्तरपुस्तिका के मूल्यांकन के पश्चात् समेकित रूप से आयोग द्वारा परीक्षाफल का प्रकाशन किया जायेगा।

4. उक्त परीक्षा से संबंधित विज्ञापन संख्या–11/2018 के ऑफलाईन आवेदन का विहित प्रपत्र एवं विस्तृत विवरण आयोग के वेबसाईट www.jpsc.gov.in पर दिनांक–20.05.2025 से उपलब्ध रहेगा, जिसे अर्हताधारी अभ्यर्थी डाउनलोड कर विज्ञापन में निहित शर्तों एवं अनुदेशों के अनुरूप ऑफलाईन आवेदन पत्र भरेंगे। ऑफलाईन भरे गए आवेदन पत्र (विहित प्रपत्र में) के साथ विज्ञापन की कंडिका–14 में दिए गए निदेश के अनुसार सभी वांछित प्रमाण पत्रों की स्वअभिप्रमाणित प्रति कार्यालय प्रधान के माध्यम से ''परीक्षा नियंत्रक, झारखण्ड लोक सेवा आयोग, सर्कुलर रोड, राँची–834001'' के पते पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे, जिसकी **अंतिम तिथि–19.06.2025 अपराह्न 05:00 बजे** तक निर्धारित है।

5. यह प्रेस विज्ञप्ति आयोग के वेबसाईट **www.jpsc.gov.in** पर उपलब्ध है।

ह0/–
सचिव (प्रभारी),
झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची।